an>

Title: Regarding preservation and maintenance of Jamia Masjid Delhi.

**डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (सम्भल):** ऑनरेबल स्पीकर साहब, मैं आपका ध्यान अपने मुल्क की शाही जामिया मस्जिद, दिल्ली की जानिब दिलाना चाहता हूं जो कि हमारे देश की एक तारीखी इमारत है, जिसको देखने के लिए दूसरे मुमालिक के सय्याह आते हैं । इससे हमारे देश की शान बढ़ती है । लेकिन, आज मुझे इस बात का अफसोस है कि जामिया मस्जिद, दिल्ली की हालत काफी खराब और खस्ता है और इसकी फौरी मरम्मत की जरूरत है । सन् 1956 से तकरीबन 30 साल तक आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया यह काम कराता रहा है । इसका आफिस भी जामिया मस्जिद, दिल्ली में रहा है । इसमें हमेशा दो सीनियर इंजीनियर्स मस्जिद की देखभाल के लिए रहते थे, लेकिन अब कई सालों से जामिया मस्जिद की मरम्मत और देखभाल एएसआई नहीं करा रहा है, जबकि बड़ा गुम्बद और मेजनाइन फ्लोर बहुत खस्ता हालत में है । इससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है । इस बारे में जामिया मस्जिद, दिल्ली के इमाम जनाब मौलाना अहमद बुखारी साहब ने वजीरे आज़म और आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को खत भी लिखे हैं, लेकिन अफसोस कोई तवज्जो नहीं दी गई । लिहाजा मैं आपकी मार्फत जानना चाहता हूं, जबकि ऐज स्पेशल मान्युमेंट जामिया मस्जिद की मरम्मत होती आई है, लेकिन एएसआई अब जामिया मस्जिद की मरम्मत क्यों नहीं करा रहा है, जबकि साउथ में कई इबादतगाहों की मरम्मत एएसआई कराता है, जोकि स्पेशल मान्युमेंट्स में आती हैं? लिहाजा आपसे मेरी पुरजोर गुजारिश है कि जामिया मस्जिद, दिल्ली की मरम्मत कराने के लिए सरकार एएसआई को हुक्म जारी करे कि वह फौरन उसकी मुकम्मल मरम्मत कराए और हमेशा देखभाल रखे, ताकि नुकसान होने से महफूज रह सके और कोई हादसा न होने पाए, शुक्रिया ।

**ڈاکٹر شفیق الرحمٰن برق (سنبھل) : محترم اسپیکر صاحب، میں آپ کا دھیان اپنے ملک کی شاہی جامع مسجد، دہلی کی جانب دلانا چاہتا ہوں، جو کہ ہمارے ملک کی ایک**

تاریخی عمارت ہے، جس کو دیکھنے کے لئے دوسرے ممالک سے سیاح آتے ہیں، اس سے ہمارے ملک کی شان بڑھتی ہے۔ لیکن آج مجھے اس بات کا افسوس ہے کہ جامع مسجد، دہلی کی حالت کافی خراب اور خستہ حالت میں ہے اور اس کی فوری مرمّت کی ضرورت ہے۔ سال 1956 سے تقریباً 30 سال تک آرکیولوجیکل سروے آف انڈیا یہ کام کراتا آ رہا ہے۔ اس کا آفس بھی جامع مسجد دہلی میں رہا ہے۔ اس میں ہمیشہ دو سینئر انجینیرس مسجد کی دیکھ بھال کے لئے رہتے تھے۔ لیکن اب کئی سالوں سے جامع مسجد کی مرمت اور دیکھ بھال اے۔ایس۔آئی۔ نہیں کرا رہا ہے، جبکہ بڑا گمبد اور میسٹائن فلور بہت خستہ حالت میں ہے۔ اس سے کوئی بڑا حادثہ ہو سکتا ہے۔ اس بارے میں جامع مسجد، دہلی کے امام جناب مولانا احمد بخاری صاحب نے وزیرِ اعظم اور آرکیولوجیکل سروے آف انڈیا کو خط بھی لکھے ہیں، لیکن افسوس کوئی توجہ نہیں دی گئی۔ لہٰذا میں آپ کی معرفت جاننا چاہتا ہوں کہ جبکہ ایز اسپیشل مونیومینٹ جامع مسجد کی مرمت ہوتی آئی ہے، لیکن اے۔ایس۔آئی۔ اب جامع مسجد کی مرمّت کیوں نہیں کروا رہا ہے جبکہ جنوب میں کئی عبادت گاہوں کی مرمّت اے۔ایس۔آئی۔ کراتا ہے۔ جو کہ اسپیشل مونومینٹس میں آتی ہے؟ لہٰذا آپ سے میری پُرزور گزارش ہے کہ جامع مسجد دہلی کی مرمّت کرانےکے لئے سرکار اے۔ایس۔آئی۔ کو حکم جارے کرے کہ وہ فوراً اس کی مرمّت کرائے اور ہمیشہ دیکھ بھال رکھے، تاکہ نقصان ہونے سے محفوظ رہ سکے اور کوئی حادثہ نہ ہونے پائے۔ شکریہ (ختم شد)